**NEWS CLIPPING:10.06.2022**

# AAJ SAMAJ

## जेसी बोस विश्वविद्यालय देश के सर्वश्रेष्ठ इंजीनियरिंग संस्थानों में शामिल

### करियर 360 पत्रिका ने विश्वविद्यालय को सर्वश्रेष्ठ 4ए-प्लस रेटिंग प्रदान की

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद को करियर 360 मैगजीन द्वारा दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र का सर्वश्रेष्ठ इंजीनियरिंग संस्थान का दर्जा दिया गया है। करियर 360 मैगजीन एक विश्वसनीय करियर परामर्श पत्रिका है जो उच्च शिक्षा, करियर योजना और प्रोफेशन को लेकर मार्गदर्शन प्रदान करती है। पत्रिका ने भारत के सर्वश्रेष्ठ इंजीनियरिंग कॉलेजों की रेटिंग को अपने नवीनतम संस्करण में प्रकाशित किया है। पत्रिका ने विश्वविद्यालय को इंजीनियरिंग श्रेणी में दिल्ली और एनसीआर में सर्वश्रेष्ठ राजकीय विश्वविद्यालयों में 5ए के रेटिंग पैमाने पर 4ए-प्लस रेटिंग प्रदान की है।

पत्रिका ने उत्तर क्षेत्र में केवल नौ संस्थानों को 4ए-प्लस रेटिंग दी है और जेसी बोस विश्वविद्यालय एकमात्र सरकारी विश्वविद्यालय है जो सूची में हरियाणा का प्रतिनिधित्व कर रहा है। इसी तरह राज्य-वार रेटिंग में, विश्वविद्यालय को हरियाणा में एनआईटी, कुरुक्षेत्र के साथ उच्चतम 4ए-प्लस रेटिंग दी गई है। पत्रिका द्वारा हरियाणा में केवल चार इंजीनियरिंग संस्थानों को 4ए-प्लस रेटिंग दी है। कुलपति प्रो एसके तोमर ने विश्वविद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को पत्रिका द्वारा देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों के समकक्ष मान्यता दिये जाने पर सभी को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने नैक, एनबीए और एनआईआरएफ सहित विभिन्न गुणवत्ता मानकों पर खुद को साबित किया है। साथ ही, विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सुविधाओं और बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण सुधार किये गए है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता की दिशा में निरंतर प्रयासों से यह विश्वविद्यालय निश्चित रूप से देश का अग्रणी विश्वविद्यालय बनेगा। यह उल्लेखनीय है कि करियर 360 पत्रिका द्वारा जारी की जाने वाली रैंकिंग का उद्देश्य छात्रों को शीर्ष रैंक वाले शैक्षणिक संस्थानों को तय करने में मदद करना है जहां वे दाखिला ले सकते हैं।

**NEWS CLIPPING:10.06.2022**

# PIONEER

# जेसी बोस को सर्वश्रेष्ठ इंजीनियरिंग संस्थानों में स्थान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जेसी** बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए, फरीदाबाद को करियर 360 मैगजीन ने दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र का सर्वश्रेष्ठ इंजीनियरिंग संस्थान का दर्जा दिया है। करियर360 मैगजीन एक विश्वसनीय करियर परामर्श पत्रिका है जो उच्च शिक्षा, करियर योजना और प्रोफेशन को लेकर मार्गदर्शन प्रदान करती है। पत्रिका ने भारत के सर्वश्रेष्ठ इंजीनियरिंग कॉलेजों की रेटिंग को अपने नवीनतम संस्करण में प्रकाशित किया है।

पत्रिका ने विश्वविद्यालय को इंजीनियरिंग श्रेणी में दिल्ली और एनसीआर में सर्वश्रेष्ठ राजकीय विश्वविद्यालयों में 5ए के रेटिंग पैमाने पर 4ए-प्लस रेटिंग प्रदान की है।

## करियर 360 पत्रिका ने विश्वविद्यालय को सर्वश्रेष्ठ 4ए-प्लस रेटिंग प्रदान की

पत्रिका ने उत्तर क्षेत्र में केवल नौ संस्थानों को 4ए-प्लस रेटिंग दी है और जेसी बोस विश्वविद्यालय एकमात्र सरकारी विश्वविद्यालय है जो सूची में हरियाणा का प्रतिनिधित्व कर रहा है। इसी तरह राज्य-वार रेटिंग में, विश्वविद्यालय को हरियाणा में एनआईटी, कुरुक्षेत्र के साथ उच्चतम 4ए-प्लस रेटिंग दी गई है। पत्रिका द्वारा हरियाणा में केवल चार इंजीनियरिंग संस्थानों को 4ए-प्लस रेटिंग दी है।

कुलपति प्रो. एसके तोमर ने विश्वविद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा



को पत्रिका द्वारा देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों के समकक्ष मान्यता दिये जाने पर सभी को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने नैक, एनबीए और एनआईआरएफ सहित विभिन्न गुणवत्ता मानकों पर खुद को साबित किया है। साथ ही, विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सुविधाओं और बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण सुधार किये गए है। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता की दिशा में निरंतर प्रयासों से यह विश्वविद्यालय निश्चित रूप से देश का अग्रणी विश्वविद्यालय बनेगा।

यह उल्लेखनीय है कि करियर 360 पत्रिका द्वारा जारी की जाने वाली रैंकिंग का उद्देश्य छात्रों को शीर्ष रैंक वाले शैक्षणिक संस्थानों को तय करने में मदद करना है जहां वे दाखिला ले सकते हैं। भारत में लगभग 3500 संस्थान हैं जो इंजीनियरिंग में विभिन्न कार्यक्रमों की पेशकश करते हैं और पत्रिका इंजीनियरिंग में बीई/बीटेक या समकक्ष कार्यक्रमों की पेशकश करने वाले चयनित संस्थानों को विभिन्न गुणवत्ता मानकों पर रेटिंग देती है। रेटिंग के लिए पत्रिका नैक, एनबीए, एनआईआरएफ और ऐसी प्रसिद्ध संस्थाओं द्वारा संस्थान को दिए गए गुणवत्ता मान्यता संकेतकों पर भी विचार करती है। कार्यक्रम

**NEWS CLIPPING:10.06.2022**

# THE TRIBUNE

## NEW BSc COURSE AT JC BOSE VARSITY

**Faridabad:** JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, will introduce BSc in mathematics and computing from the next academic session. Detailing about the course, Chairperson of the department Dr Neetu Gupta said the course was being started with 10 seats. The course aims at preparing graduates for employment in application areas that require substantial input from both these two disciplines. The university Vice Chancellor Professor SK Tomar has applauded the decision of the Department of Mathematics for starting an interdisciplinary course.